दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

दुर्ग, 26 जनवरी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज फहराने के पश्चात राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव (रजिस्ट्रार) श्री भूपेन्द्र कुलदीप ने अपने उद्‌बोधन में देशभक्ति की भावना, भारतीय संविधान तथा भारतीय सेना की शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती पुनीता नेहरू ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि उनके उचित मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही विद्यार्थियों ने यह दक्षता पुरस्कार प्राप्त किए।

इस अवसर पर विद्यालय के सीनियर मास्टर श्री रमेशचंद्र द्विवेदी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।